हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 अप्रैल 2024

04 मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने साइकिलिंग ...



08 चित्रकला को ही जीवन में लक्ष्य बनाकर बच्चों को ...





## खबर संक्षेप

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम में भर्ती

**सीहोर** | कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने रेग्युलर स्पेशलिस्ट (एफटीएस), अंशकालिक स्पेशलिस्ट के पदों को भरने के लिए वैकेंसी निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट esic.gov.in पर जाकर एप्लाई कर सकते हैं। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पीजी डिग्री या समकक्ष, पीजी डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस की डिग्री होना चाहिए। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, स्टेट मेडिकल काउंसिल के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास 3 साल के अनुभव के साथ पीजी डिग्री या पीजी के बाद अपनी स्पेशलिस्ट में 5 साल के अनुभव के साथ पीजी डिप्लोमा होना चाहिए।

### नवोदय विद्यालय में 500 शैक्षणिक पदों पर भर्ती

**सीहोर**। नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) भोपाल ने टीजीटी और पीजीटी के 500 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार www.navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पीजीटी के लिए संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, साथ में बीएड होना जरूरी है। टीजीटी के लिए बैचलर डिग्री, साथ में बीएड, सीटीईटी पास होना चाहिए।

### सब इंस्पेक्टर के 452 पदों पर भर्ती

**सीहोर** | रेल मंत्रालय ने सब इंस्पेक्टर (एग्जीक्यूटिव) के 452 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार अधिकृत वेबसाइट rpf.indianrail-ways.g ov.in पर जाकर 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सब इंस्पेक्टर के लिए उम्मीदवार का ग्रेजुएशन होना जरूरी है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। अभ्यर्थियों का चयन कम्प्यूटर आधारित टेस्ट, फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट, फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट के जरिए होगा। अभ्यर्थियों लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी।

### यूपीएससी-2025 की परीक्षा का कैलेंडर जारी

**सीहोर** | यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने 2025 में होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के जरिए यूपीएससी ने सीएसई, एनडीए, सीडीएस, आईएफएस और आईईएस, जियो साइंटिस्ट और अन्य दूसरी परीक्षाओं की तारीखों के साथ रजिस्ट्रेशन डेट्स की भी घोषणा कर दी है। सिविल सर्विस एग्जाम 2025 और इंडियन फॉरेस्ट सर्विस एग्जाम 2025 की जॉइंट प्रीलिम्स एग्जाम यानी यूपीएससी प्रीलिम्स एग्जाम 25 मई को होगा। उल्लेखनीय है कि इसकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अगले साल 22 जनवरी से शुरु होगी और 11 फरवरी तक चलेगी। वहीं सिविल मेन्स एग्जाम 22 अगस्त से शुरू होकर 5 दिन तक चलेगी।

### जिले में 20 मार्च से 231 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी शुरू की गई थी जो अब तक लगातार जारी है

# समर्थन मूल्य पर 4 लाख 54 हजार टन और मंडी में नीलामी में 4 लाख 62 हजार टन गेहूं खरीदा

**इस बार 88 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था इसमें से 55 हजार 845 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य के खरीदी केंद्रों और कृषि उपज मंडी में जारी है। लेकिन इस बार कृषि उपज मंडी में भाव अच्छा मिलने के कारण समर्थन मूल्य की खरीदी से मंडी की खरीदी ज्यादा नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार जिले में 20 मार्च से 231 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी लगातार जारी है। यहां 4 लाख 54 हजार टन गेहूं की खरीदी हुई है। सीहोर व आष्टा कृषि उपज मंडी में 4 लाख 62 हजार टन गेहूं खरीदा जा चुका है। जहां उपार्जन केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं मंडियों में अब भी 10 हजार





क्विंटल से अधिक आवक हो रही है। इसका प्रमुख कारण यह है कि समर्थन केन्द्र से मंडी में गेहूं के भाव अधिक हैं तो भुगतान भी नकद हो रहा है। जबकि उपार्जन केन्द्रों पर भुगतान लेटलतिफ होने के साथ ही ऋण वसूली भी जमकर की जा रही है। जिले की 14 कृषि उपज मंडी व उपमंडी में गेहूं बंपर आवक रही साथ ही भाव भी किसानों के मुफीद रहे।

इस बार 88 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था इसमें से 55 हजार 845 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है खरीदी लगातार जारी है लेकिन उपार्जन केन्द्रों पर अब सन्नाटा नजर आने लगा है।

#### लक्ष्य से पिछड़ा उपार्जन

इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी का लक्ष्य सात लाख टन का रखा गया था जिसमें से अभी तक जिले के उपार्जन केन्द्रों पर 4 लाख 54 हजार टन गेहूं करीब 56 हजार किसानों से खरीदा गया। केन्द्रों पर 56 हजार किसानों से खरीदा गया 4 लाख 54 हजार टन गेहूं का 1089 करोड रुपए का भुगतान उनके खातों में होना था लेकिन अभी तक 752 करोड रुपए का भुगतान हुआ है जबकि 337 करोड रुपए का भुगतान अब भी बकाया है किसानों का समय पर ईपीओ नहीं बनने से भुगतान अटक रहा है। सहायक आपूर्ति अधिकारी सीहोर आकाश चंदेल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले 70 फीसी किसानों का भुगतान किया जा चुका है।

### अक्षय तृतीया पर है शादी का अबूझ मुहूर्त

## पंडित प्रदीप मिश्रा बोले-उस दिन मुहूर्त की जरूरत नहीं, भगवान को साक्षी मानकर कर सकते हैं विवाह

**सीहोर**। इस साल आखातीज पर विवाह होंगे या नहीं, उसके मुहूर्त है या नहीं, इसको लेकर लगातार भ्रम की स्थिति बनी हुई है क्योंकि कहां जा रहा है कि गुरु अस्त होने के कारण इस साल आखातीज पर विवाह के मुहूर्त नहीं है। लेकिन सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने स्थिति स्पष्ट कर दी है की आखातीज पर अबूझ मुहूर्त में भगवान को साक्षी मानकर विवाह हो सकते हैं और होंगे भी। जानकारी के अनुसार आखातीज पर हर बार विवाह होने के लिए मुहूर्त की जरूरत नहीं होती है, लेकिन इस साल आखातीज पर विवाह नहीं होंगे, ऐसी बातें लगातार भ्रम की स्थिति पैदा कर रही थी। तब सीहोर के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा एक ही आखातीज पर



परंपरा अनुसार विवाह हो सकते हैं और होंगे भी क्योंकि, इस दिन मुहूर्त की जरूरत नहीं पड़ती है और भगवान को साक्षी मानकर विवाह किया जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि लगातार यह बातें भ्रम की स्थिति पैदा कर रही थी कि लगभग 50 साल बाद ऐसा हो रहा था जब आखा तीज पर विवाह का मुहूर्त नहीं होने की बात कही जा रही थी।

### मदिरा की बिक्री प्रतिबंध कर शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 5 मई 2024 की सांय 6 बजे से 7 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई 2024 की सांय 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 4 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## शहर में जल संकट :1 से 2 किमी दूर से ऑटो, साइकिल और वैन से ला रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल स्तर कम होते ही अब शहर में पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ नपा भी दो दिन छोड़कर पानी सप्लाई कर पा रही है। यह समस्या आज की नहीं बल्कि सालों पुरानी है। गर्मी के दौरान तापमान बढ़ने से जल स्तर गिर जाता है। इससे बोर और हैंडपंपों में पानी कम होने लगता है। इसलिए शहर में जल संकट गहरा गया है।

लोग अब एक से दो किमी दूर से पानी लाने को विवश हो रहे हैं। कोई बाइक, साइकिल तो कुछ लोग आटो और वेन से पानी ला रहे हैं। अप्रैल में ही पानी का संकट गहराने लगा है। मई में किल्लत और बढ़ जाएगी।

#### मजबूरी : साइकिल से पानी लेने आए बच्चे

एसपी ऑफिस के पीछे स्थित रहवासी क्षेत्र में भी पानी का संकट है। पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। यहां रहने वाली एक बालिका पूजा साइकिल से पानी लेने आई थी। उसने बताया कि पानी की समस्या बनी हुई है। यहां रहने वाले अन्य लोगों ने भी बताया कि पानी की समस्या है।

**परेशानी का कारण** : समस्या इसलिए है कि इस क्षेत्र में बोर से पानी सप्लाई होती है। बताया जाता है कि अब बोर में पानी कम हो गया है। इसलिए बहुत कम समय ही पानी मिल पाता है।

#### ऑटो से ले जाते 11 पानी की केन



इंदौर नाके निवासियों को पानी की परेशानी हो रही है। यहां के निवासी विवेक उत्कृष्ट विद्यालय के सामने लगे बोर्ड से कनेक्टिविटी नलों से पानी भरने एक दिन छोड़कर आता है। विवेक ने बताया कि वह ऑटो में एक बार में 11 केन पानी की भरकर ले जाता है।

**परेशानी का कारण**: इंदौर नाके के पास बनी पानी की टंकी से अभी तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। इसलिए यह परेशानी हो रही है।

#### यादव मोहल्ला : वैन से भरने आए पानी



कस्बा क्षेत्र में भी पानी की समस्या है। यहां के यादव मोहल्ले लोग अभी से पानी के लिए इधर उधर जाते हुए दिखाई देने लगे हैं। यहां के जीवन प्रजापति वेन से पानी भरने आए थे। जीवन ने बताया कि वह 15 केन लाया है जिसे भरकर ले जा रहा हूं। दो दिन तक काम चल जाता है।

**परेशानी का कारण**: नगर पालिका दो दिन छोड़कर पानी देती है। यहां पर बोर से पानी दिया जाता है। अब पानी कम होने से समस्या होने लगी है।

### बदलाव : 12वीं के विद्यार्थी को पढ़ना होंगे अब 7 विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए हाईस्कूल व इंटर के पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। अब जिले के हजारों विद्यार्थी जो सीबीएसई स्कूलों में पढ़ते हैं उन्हें नए तौर तरीकों से पढ़ना होगा। दसवीं कक्षा के छात्रों को पांच अनिवार्य विषय पढ़ने होंगे और बारहवीं के विद्यार्थियों को सात अनिवार्य विषयों का अध्ययन करना होगा। यह नया पाठ्यक्रम छात्रों को उनकी पढ़ाई में नई दिशा देगा और उन्हें और अधिक बेहतर तैयारी करने में मदद करेगा। इसमें जोड़े गए नए विषय और सामग्री छात्रों को नए कौशल सीखने का मौका देंगे। इस नए पाठ्यक्रम को ऑनलाइन cbseacademic.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

नए सत्र के पाठ्यक्रम दो भागों में बांटाः कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए 2024-25 का पाठ्यक्रम दो भागों में बांटा गया है। एक माध्यमिक पाठ्यक्रम (कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए) और दूसरा उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रम (कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए)। कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए पांच अनिवार्य विषय और दो वैकल्पिक विषयों का विकल्प दिया गया है। कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम में सात मुख्य शिक्षण क्षेत्र शामिल हैं। इनमें भाषाएं, मानविकी, गणित, विज्ञान, कौशल विषय, सामान्य अध्ययन और स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा का भी उल्लेख है।

## पार्वती नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा, एसडीआरएफ की टीम खोजती रही

**आष्टा**। रविवार को दोपहर में एक युवक ने नहाने के लिए पार्वती नदी में छलांग लगा दी देखते ही देखते युवक नदी में जाते ही डूब गया। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शाम तक सर्चिंग करती रही है। जानकारी अनुसार युवक नदी के इस किनारे से उस किनारे जाने का कर रहा था प्रयास इस दौरान नदी के बीच में पहुंचते ही डूब गया। वहीं युवक आष्टा के दिपलाखेड़ी गांव का निवासी बताया जा रहा है।

आपको बता दें की दोनों थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पहले तो नगरपालिका की बोट से स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक की तलाश की गई।

इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एसडीआरएफ को सूचना दी। इस दौरान नदी में डूबे युवक के पुत्र अभिनंदन पारदी ने बताया है कि मेरे पिताजी मेरे साथ आए थे और वहां



पार्वती नदी पर मेरे साथ गए मैं नदी किनारे खड़ा था और उन्होंने कहा कि तू वीडियो बना मैं नदी में तैरकर इस पार से उसे पार जाता हूं मैंने मना भी किया लेकिन पिताजी नहीं माने आखिर नदी में जाने के बाद उनकी सांस फूल गई और वह देखते ही देखते डूब गए थोड़ी देर बाद स्थानीय लोगों को जानकारी लगी और पुलिस को सूचना दी पुलिस भी मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग शुरू की और काफी प्रयास के बाद भी शव नहीं मिल पाया है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक एसडीआरएफ की टीम द्वारा सर्चिंग जारी थी।

#### नहाते समय युवक नदी पार कर रहा था डूब गया बेटा और दामाद भी थे साथ

आष्टा थाने के उप निरीक्षक हर्ष सिंह चौहान ने बताया कि नागु पिता कीर्तन सिंह पारदी उम्र 45 वर्ष निवासी दीपलाखेड़ी अपने पुत्र के साथ पार्वती नदी में नहाने आया था वह पुत्र को और दामाद को नदी किनारे बैठकर नहाने गया था और उसने जीद की कि मुझे नदी के इस किनारे से उस किनारे तक जाना है वह जैसे ही नदी के बीच में पहुंचा तो सांस रुकने से डूब गया सर्चिंग की जा रही है जल्द ही शव को ढूंढ लिया जाएगा। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और शव ढूंढने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस दौरान नदी के दोनो किनारे पर लोगो का बड़ी संख्या मे जमघट लग गया।

### मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान करने के लिए दिया आमंत्रण

# घर-घर पहुंचकर दी जा रही है मतदाता पर्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में 7 मई एवं 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। मतदाताओं को मतदान करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बारे भी मतदाताओं को बताया जा रहा है। मतदाता पर्ची वितरण का कार्य बी एलओ सहित बीएजी ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया जा रहा । मतदाता के घर पहुंच कर न केवल मतदाता पर्ची प्रदान की जा रही है बल्कि मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। मतदाताओं से मतदान करने



की शपथ भी दिलाई जा रही है। कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार मतदाता पर्ची वितरण की राजस्व अधिकारियों एवं जनपद सीईओ द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

#### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का वोट जरूरी

मतदाता पर्ची वितरण के साथ ही अनेक बूथ लेवन अवेयरनेश गुरप के सदस्या, स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाताओं को मतदाता पर्ची प्रदान करने के साथ ही मतदाता के घर के दरवाजे पर पीले चावल रख कर मतदान के लिए आमंत्रण दे रहे हैं। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए उनका वोट करना जरूरी है।

### 38.5 दर्ज हुआ अधिकतम तापमान, 24 घंटे में 4 डिग्री तक गिरा पारा

**सीहोर**। जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। आसमान पर बदल छाने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई थी।

जानकारी के अनुसार अप्रैल माह के दौरान लगातार कई दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव देखा गया था। इसके कारण लगभग 11 दिन रुक-रुक कर रिमझिम बारिश शाम के समय दर्ज हुई। जिसके कारण तापमान में भी उतार चढ़ाव लगातार देखा जाता रहा। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई थी, लेकिन अब मौसम विभाग का अनुमान है कि तापमान में बढ़ोतरी होगी।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य से होगी 9 लाख की वसूली

**सीहोर**। पॉलीटेक्निक कॉलेज जब-तब चर्चाओं में आ ही जाता है। अब एक बार फिर चर्चाओं में आया है। चर्चा का कारण पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य द्वारा अपने की वेतनमान में अनियमितता किया जाने का है। कॉलेज प्राचार्य द्वारा अपने वेतनमान में की गई अनियमितता की जांच उपरांत सही पाई गई है। इसके चलते अब उनसे 9 लाख रुपए की वसूली होगी।

पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डा. पंकज जैन द्वारा अपने वेतन निर्धारण में अनियमितिता की गई थी। इसे लेकर लोकायुक्त कार्यालय में प्रकरण चल रहा है। तकनीकी शिक्षा के निर्देशाानुसार आयुक्त तकनीकी शिक्षा संचालनालय स्तर पर नियुक्त जांचकर्ता अधिकारी एसपी कोरी, प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, रायसेन द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन क्रमांक-1630 दिनांक-23-12-2023 पर लोकायुक्त कार्यालय द्वारा डॉ. पंकज जैन द्वारा की गई अनियमितता के संबंध में प्रश्नाधीन गलत वेतन निर्धारण को सही पाते हुए अनियमितता पाई गई। अंतिम परीक्षण एवं अनुमोदनोपरांत संशोधित वेतन निर्धारण पारित किया गया। इसके साथ ही नौ लाख आठ हजार 28 रुपए की वसूली 20 सामान किस्तों में की जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। यह वसूली राशि की कटौती डॉ. पंकज जैन द्वारा दिनांक 26-07-21 के वचन पत्र पर दी गई सहमति अनुसार, प्रारंभ किया जाकर, तब तक जारी रहेगा, जब तक ब्याज सहित संपूर्ण राशि की वसूली नहीं हो जाती।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर का ऋतुराज वर्मा जिले में प्रथम स्थान पर

**सीहोर।** स्थानीय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 सीहोर की कक्षा 10 में अध्ययनरत ऋतुराज वर्मा पिता जितेंद्र वर्मा माता अंजू वर्मा ने जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋतुराज ने बताया कि प्रतिदिन 07 घंटे स्व अध्ययन कर कठोर परिश्रम की प्रेरणा मुझे विद्यालय के शिक्षकों से ही मिली है इसी का परिणाम है कि मुझे 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं मेरी सफलता में मेरे शिक्षकों एवं माता-पिता की विशेष भूमिका है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बधाई दी संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने ऋषि राज को पुरस्कृत कर आईआईटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। साथ ही कक्षा अध्यापक रुचि लोबानिया एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय विद्यालय परीक्षा प्रभारी एल एन आहूजा डॉक्टर राजेंद्र देशमुख दिनेश मेवाड़ा जितेंद्र शर्मा अंकित पारे वल्लभी सिंह एवं सभी उत्कृष्ट विद्यालय परिवार के सदस्यों ने ऋतुराज को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ग्राम वासदेव में 81वें महारूद्र यज्ञ का हुआ समापन, इस अवसर पर पहुंचे थे दादागुरू

# सत्य का साथ नहीं छोड़े, भगवान आपका साथ नहीं छोड़ेंगे: दादागुरू

### पूर्णाहुति के बाद हुई आरती, फिर भंडारा, बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरूंदा तहसील मुख्यालय के नजदीकी गांव वासुदेव में 81वें महारूद्र यज्ञ का समापन हुआ। इस अवसर पर मां नर्मदा व हनुमानजी के अन्नय भक्त एवं जल एवं हवा के सहारे रहने वाले दादागुरू भी पहुंचे। उन्होंने यहां पर दर्शन, पूजा किया। इसके बाद उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सभी के साथ उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन हर परिस्थिति में सत्य के साथ रहिए। सत्य का साथ नहीं छोड़ोगे तो भगवान भी तुम्हारा साथ नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण, पानी को बचाने की, लेकिन इसके साथ ही सब लोग खिलवाड़ कर रहे हैं। सभी लोग अपने घरों में एक पौधा लगाएं और उसको सुरक्षित रखने का संकल्प लें। इस दौरान उन्होंने सभी से हाथ उठाकर संकल्प भी दिलाया कि सभी लोग अपने घरों में पौधे लगाकर और पॉलीथिन का उपयोग बंद करके पर्यावरण को बचाएं। उन्होंने कहा कि अपने घरों में आने वाले अतिथियों का सम्मान करें। उन्हें आदर के साथ बैठाएं, जलपान कराएं और फिर उनकी विदाई करें। कर्म करते रहे, क्योंकि ईश्वर न जाने कब आपकी किस्मत पलट दें। किस्मत बदलने में एक मिनट का समय भी नहीं लगता है, इसलिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ अपने कर्मक्षेत्र में लगे रहें।

**पौधा लगाया, गौ-माता की पूजा की :** दादागुरू ने



वासदेव गांव में स्थित श्रीरामानंद आश्रम हनुमान कुटी में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने गौ-माता की पूजा की एवं उन्हें हरा घास खिलाया। उन्होंने कहा कि गौ माता की पूजा सभी को करना चाहिए। इसके बड़ी कोई सेवा नहीं होती है। इस दौरान दादागुरू ने आश्रम में स्थित श्रीरामानंदजी महाराज की अखंड धुनी सहित मंदिर के दर्शन भी किए।

**विशाल भंडारे के साथ हुई पूर्णाहूति :** श्रीरामानंद आश्रम हनुमान कुटी में 81वें महारूद्र यज्ञ के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र से भी श्रद्धालु-भक्तों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की एवं दादागुरू से भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

**आजादी के पहले से हो रहा है यज्ञ का आयोजन :** वासुदेव स्थित श्रीरामानंद आश्रम हनुमान कुटी में लगातार 81 वर्षों से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आजादी के कई वर्ष पहले इस आश्रम की स्थापना श्रीरामानंदजी महाराज द्वारा की गई थी। बताते हैं कि उस समय यहां पर जंगल था और कई बार शेर, टाईगर, चीता जैसे जंगली जानवर भी यहां आ जाते थे। श्रीरामानंद जी महाराज यहां पर वर्षों तपस्या करते रहे। इसके बाद उन्होंने यहां पर यज्ञ का आयोजन किया। इसके बाद आश्रम से लगातार लोग जुड़ते रहे और तब से लेकर अब तक यहां पर हर वर्ष नियमित रूप से यज्ञ का आयोजन किया जाता है। यह यज्ञ प्रतिवर्ष वैसाख माह की बारस से लेकर पंचमी तक किया जाता है। इससे पहले श्रीरामनवमीं से यहां पर महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो जाती हैं।



## मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने साइकिलिंग लवर ग्रुप की सराहनीय पहल



**सीहोर।** स्थानीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत, जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा कार्यशाला में दिए निर्देशानुसार, सीहोर जिले को मतदान प्रतिशत में अब्बल बनाने के लिए साइकिलिंग लवर ग्रुप द्वारा गांव गांव पहुंचकर , मतदाता को 7 मई को पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालने की अपील कर रहे है।

लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्साहित बनाने के लिए, ग्रामीण जनों से निवेदन किया जा रहा है, कि, वे मतदान अवश्य करे, मतदान उनका अधिकार है । रविवार को साइकिलिंग लवर ग्रुप , सीहोर के जमोनिया ग्राम पहुंचा, बैनर, तख्तियां के साथ चौपालों और दुकानों जहां अधिकतम ग्रामीणजन उपस्थित रहते है, उनसे शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील की। ग्रुप के सदस्यों ने समय पर उपस्थित होकर सक्रियता, समर्पण और पूर्ण निष्ठा के साथ उक्त सराहनीय कार्य किया, जिनमे शैलेंद्र चंदेल, डॉक्टर राजेंद्र देशमुख, डॉ. देवेंद्र साहू, अताउल्लाह खान, स्वतंत्र पाठक, महेंद्र बाथम ,अंकित पारे ,दीपक मोहनिया, शाक्यजी, सुरेंद्र कुशवाहा, अर्पित कुल्हारे आदि मतदाता जागरूकता के लिए सम्मिलित हुए।

### किसानों से ई-खसरा, खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# कलेक्टर ने बुधनी एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**सीहोर।** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत बुदनी स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया तथा एसएसटी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निगरानी दल को निर्देश दिए कि बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाये। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार का अवैध मादक द्रव्यों, सोना, चांदी, शराब व अन्य नशीली पदार्थ का परिवहन नहीं होने दें तथा निगरानी रखने जाने के लिए प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## लोकतंत्र के महापर्व में आम नागरिकों की शत-प्रतिशत भागीदारी होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों की शत-प्रतिशत भागीदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में आम नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने और अपने परिवार एवं आस-पास पड़ोस के लोकों को भी अपने मताधिक कार का उपयोग कर मतदान करें इसके लिए प्रेरित करें। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने पूरे जिले में मतदाता जागरूकता के लिए जिले के सभी संबंधित अधिकारियों एवं संस्थानों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन के निर्देश दिये गये है। मतदाता जागरूकता के लिए पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत शासकीय आशासकीय संस्थाओं तथा अन्य संस्थओं द्वारा मतदान करने की अपील सम्बन्धी पोस्टर, फ्लेक्स, मेंहदी, रंगोली, चित्रकला, स्लोगन आदि का प्रदर्शन किया जा रहा है। कोई भी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने से न छूटे इसके लिए विभिन्न नवाचारों के माध्यम से जागरूकता का प्रसार यिा जा रहा है। जिसके तहत मतदाता संबंधित बैनर लगाकर आमजनों को याद दिलाया जा रहा है कि 07 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना है।

# मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर पोस्टर के माध्यम से देंगे जानकारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी विभिन्न जानकारियों को प्रदाय करने की दृष्टि से मतदान केंद्र पर विभिन्न प्रकार के पोस्टर लगाये जा रही है। मतदाता सुगमता पोस्टर (VFP) चार प्रकार के पोस्टर लगाए गए। पहले पोस्टर में मतदान केन्द्र एवं निर्वाचन अधिकारियों की सामान्य जानकारी होगी। दूसरे पोस्टर में प्रत्याशियों की सूची लगाई जावेगी। तीसरे पोस्टर में मतदान केंद्र एवं उसके आस-पास क्या करें/क्या नहीं करें के संबंध में जानकारी दी जा रही है। चौथे पोस्टर में अनुमोदित पहचान अभिलेख तथा मतदान कैसे करें इस संबंध में जानकारी दी जा रही है।

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सहायता बूथ (VAB) मतदाताओं की सहायता के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र के बाहर मतदाता सहायता बूथ बनाया जाएगा, जहाँ संबंधित मतदान केंद्र पर बूथ लेवल ऑफिसर मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध होगा। दिव्यांग




मतदाताओं की सुविधा विस्तार की दृष्टि से सांकेतिक भाषा तथा बुनियादी व्यवहार के संबंध में पोस्टर लगाये जा रहे हैं। अपने बीएलओ को जाने - मतदान केन्द्र के बूथ लवेल ऑफिसर की सामान्य जानकारी आम मतदाताओं को प्रदाय करने के लिए यह पोस्टर लगाये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने ईव्हीएम के संबंध में ईव्हीएम मशीन पर मतदान आरंभ करने के पूर्व मॉक पोल किया जाता है तथा इसके पश्चात मशीन को पुनः मतदान के लिए तैयार किया जाता है।

# पैरालीगल वालेन्टियर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** प्रधानी जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधीकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार पैरालीगल वालेन्टियर्स के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा सीहोर एवं जिला मुख्यालय सीहोर एवं तहसील मुख्यालय आष्टा, भेरूंदा, बुदनी एवं इछावर के समस्त पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमके वर्मा द्वारा पैरालीगल वालेन्टियर्स से कहा गया कि वह हमेशा विधिक सेवा को जरूरतमंद तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ सक्रिय कार्य करें। उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत, मीडिएशन, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, महिला एवं बच्चों संबंधी प्रावधान, श्रम सम्बन्धी प्रावधान, किशोर न्याय अधिनियम, नालसा एवं सालसा की योजनाओं के बारे में विस्तार से



जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब दिया गया। साथ ही उनकी समस्याओं का यथोचित समाधान भी किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान जीशान खान द्वारा बताया गया कि पैरालीगल वालेन्टियर्स विधिक सेवा संस्था तथा आमजन के बीच एक सेतु के समान है जिनके माध्यम से विधिक सेवा योजनाओं तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जाता है। यह पैरालीगल वालेन्टियर्स एक महत्वपूर्ण कढ़ी है। जिनके बिना योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना संभव नही है।

इस कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत तहसील स्तर से माननीय उच्चतम न्यायालय स्तर तक विधिक सेवा संस्थाओं की संरचना, नालसा पैरालीगल वालेन्टियर्स स्कीम, पैरालीगल वालेन्टियर्स के कर्तव्य एवं अन्य सम्बंधित प्रावधान, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा पीड़ति प्रतिकर योजना, हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना, विधिक सहायता एवं सलाह योजना, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।

## अंडर-16 सीहोर विधायक क्रिकेट ट्राफी के रोमांचक फाइनल में रेलवे भोपाल ने सीहोर पीपीसीए अकादमी को एक विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली गई अंडर-16 सीहोर विधायक क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में रेलवे भोपाल की टीम ने सीहोर पीपीसीए को एक विकेट से हराया। मैच का फैसला अंतिम ओवर में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी अखिलेश राय ने विजेता टीम सहित अन्य खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, मोहनिश त्रिवेदी, सचिन वर्मा, अतुल त्रिवेदी को इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए श्री राय ने बधाई दी।

शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में दस विकेट के नुकसान पर 196 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। इसमें नवनीत सोनी ने पारी को संभालते हुए 70 गेंद पर 49 रन, युरेश भारती ने 40 गेंद पर 33 रन, अंश गावा ने 18 रन, राजा-अराव मसीह ने 11-11 रन की पारी खेली। इधर रेलवे की ओर से जसमीत ने



आठ ओवर में 32 रन देकर चार विकेट, चिराग ने आठ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट और अभिराज ने सात ओवर में 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। रनों का पीछा करने उतरी रेलवे टीम भोपाल यह रोमांचक मैच 39.3 ओवर में नौ विकेट खोकर एक विकेट से जीत लिया। इसमें अराव यादव ने 42 रन, पुष्प राजपूत 36 रन, दिव्यांश ने 30 रन और चिराग-विवेक ने 24-24 रन की पारी खेली। इसके अलावा पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए विवेक प्रजापति लक्की ने सात ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, निर्भय प्रजापति ने सात ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट, नैतिक जैन ने आठ ओवर में 32 रन देकर दो विकेट और नवनीत सोनी ने सात ओवर में 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि फाइनल मैच में मैन आफ द मैच का पुरस्कार रेलवे भोपाल के हरफनमौला खिलाड़ी चिराग को विस्फोटक 24 रन की पारी और दो विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिया गया।

### भैरुंदा में स्वीप प्लान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

# सीहोर को प्रदेश में और भैरूंदा को जिले में नंबर वन बनाना है: कलेक्टर प्रवीण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए भैरूंदा में बूथ अवेयरनेश की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने उपस्थित ग्रामीण अमले को सर्वाधिक मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में 2000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियों, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव तथा शिक्षक शामिल हुये।

लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए सीहोर जिले के भैरुदा स्वीप प्लान के अंतर्गत आयोजित शामिल हुए जहां मतदान अधिक से अधिक कराया जा सके जिसके चलते मिक्की माउस से हाथ मिलाकर कर गाड़ी को दिखाई हरी झंडी लोकसभा चुनाव में



अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर ने मैदानी अमले को किया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि धारा के साथ तो सभी बहते हैं, लेकिन धारा के विपरीत लने पर ही हमें अपनी क्षमता को सिद्ध करने का मौका मिलता है और ऐसे लोग ही दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। सिंह ने कहा कि वर्तमान में हम सभी का लक्ष्य है कि हम सभी मिलकर लोकसभा चुनाव में सीहोर जिले को सर्वाधिक मतदान वाला जिला बनाने के लिए एक टीम के रूप में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अपनी टीम में कोई व्यकित कमजोर पड़ रहा है तो उसे पीछे नहीं छोड़ना है बल्कि पूर्वाग्रह छोड़कर उसका हाथपड़कर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आपके बिना किसी काम या किसी योजना को धरातल पर कार्यान्वित करना संभव नहीं हैं। आपकी उर्जा और क्षमता को देखते हुए निश्चित ही लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी तथा सीईओ जनपद पंचायत प्रबल आजेरिया सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### द ऑक्सफोर्ड स्कूल के परिणाम घोषित



**सीहोर।** नगर के द ऑक्सफोर्ड स्कूल के परिणाम घोषित कर दी गए हैं। इस मौके पर बच्चों को रिजल्ट देते हुई स्कूल प्राचार्य डॉ. बीना जे कुरियन। इस मौके पर प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बधाई दी।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का जिले भर में आयोजन



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने विभिन्न विभाग एवं संस्थाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये हैं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी पोस्टर, बैनर, निबंध, क्विज, शपथ सहित विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए शपथ ली गई ।

### परिजनों ने लगाए आरोप- प्राथमिक उपचार भी नहीं किया नहीं तो बच सकती थी जान, झालावाड़ ले जाते समय हुई मौत

# 15 दिन में 2 प्रसूताओं सहित एक की मौत हड़ताल का बहाना बनाकर नहीं किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - माचलपुर

कद्दावर राजनेताओं के जिले में मौजूद होने के बाद भी जिले का स्वास्थ्य महकमा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि यह अलग बात है कि वह अपने चुनावों में व्यस्त हैं और उन्हें सिर्फ अपने वोट बैंक बढ़ाने की चिंता है। फिर एक के बाद एक प्रसूताएं दम तोड़ती भी जाएं तो इससे उनका क्या लेना देना। जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चेहरे की लाली दिनों दिन बढ़ती जा रही है। उधर प्रसूताएं मौत के मुंह में समाती जा रही हैं। पिछले 15 दिनों में 2 प्रसूताएं सही और समय पर उपचार न मिलने के चलते अकाल मौत का शिकार होने को मजबूर रही।

ताजा मामला माचलपुर का है जहां पर शुक्रवार की रात 10 बजे मरीज शिवप्रसाद को शासकीय अस्पताल ले जाया जाता है। जहां पर पदस्थ दोनों डॉक्टर ने हड़ताल का बहाना बनाकर मरीज का इलाज करने से मना कर दिया। परिजन गिड़गिड़ाते रहे परंतु डॉक्टर ने एक न सुनी। डॉक्टर अमरसिंह धार्वे के मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार कर हड़ताल के बहाने इलाज करने से साफ इंकार कर दिया। आनन फानन में मरीज के परिजनों द्वारा जीप की व्यवस्था कर मरीज को झालावाड़ राजस्थान ले गए लेकिन तब तक मरीज शिवप्रसाद मालाकार की मौत हो चुकी थी। मृतक शिवप्रसाद के परिजनों ने बताया कि यदि मरीज को समय पर प्राथमिक इलाज मिल जाता तो मरीज की जान बच सकती थी, लेकिन इंजेक्शन तो छोड़िए एक गोली भी डाक्टरों द्वारा नहीं दी गई।





### डॉक्टर की रैफर वाली बात को परिजनों ने साफतौर पर खारिज किया

#### आचार संहिता में हड़ताल कैसी?

इन दिनों समूचे प्रदेश में लोकसभा चुनाव की वजह से आदर्श आचार संहिता लागू है। आचार संहिता लागू होने के दौरान कोई भी धरना प्रदर्शन, हड़ताल, ज्ञापन सौंपने सहित शासकीय कर्मचारियों की छुट्टी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। फिर किस प्रकार माचलपुर के डॉक्टर हड़ताल पर रहे ? इस मामले में जीरापुर ब्लॉक मेडिकल आफिसर मनोज गुप्ता ने बताया कि हां कल हम डॉक्टरों की स्ट्राइक थी। हालांकि जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात 12 बजे डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी गई। लेकिन यह समझ से परे है कि जहां मरीजों की जिंदगी और मौत का सवाल होता है वहां डॉक्टरों की ऐसी क्या मजबूरी आ गई कि उन्हें हड़ताल पर रहना पड़ा वह भी नियम कायदों के विरूद्ध।

#### हड़ताल में रेफर तो किया पर नहीं किया इलाज

माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अमरसिंह धार्वे द्वारा मरीज का इलाज करने से साफ इंकार करने के बाद परिजन मरीज को झालावाड़ राजस्थान ले गए। जब मरीज की मौत हो गई और पत्रकारों ने सवाल किया तो डाक्टर अमरसिंह धार्वे ने बताया कि मैने मरीज को झालावाड़ रैफर किया था। आखिर एक तरफ डाक्टर का कथन है कि वे हड़ताल पर थे। दूसरी ओर कह रहे हैं कि मरीज को रैफर किया गया था। क्या मरीज को रैफर करना काम नहीं था? हालांकि डॉक्टर की रैफर वाली बात को परिजनों ने साफतौर पर खारिज करते हुए बताया कि डॉक्टर द्वारा कोई रैफर नहीं किया गया। जब यहां मरीज का इलाज नहीं किया गया तो हम हमारी मर्जी और व्यवस्था से झालावाड़ गए थे।

**इनका कहना है-**

कहां की बात है आप विस्तार से बताएं। मैं इस मामले को दिखवा लेती हूं।

**अंकिता जैन, एसडीएम खिलचीपुर**

#### 15 दिनों में 2 प्रसूताओं सहित 1 की मौत, जिम्मेदार मौन ?

पिछले दिनों प्रसूताओं के साथ लापरवाही के चलते 10 अप्रैल को जिला अस्पताल में प्रसूता ज्योति वर्मा की मौत पर कार्रवाई अभी हुई ही नहीं की जीरापुर की एक और प्रसूता को बुधवार को जिला अस्पताल रेफर किया गया परंतु जब पता चला की वहां पर तो खून उपलब्ध ही नहीं है तो उसे राजगढ़ पहुंचने से ठीक पहले बुलाकर बीएमओ जीरापुर डॉ गुप्ता ने झालावाड़ रेफर किया गया, जहां इकलेरा पहुंचते पहुंचते प्रसूता की जान चली गई। इसके बाद ताजा मामला माचलपुर की प्रसूता का है जिसको शुक्रवार रात को शासकीय अस्पताल माचलपुर में इलाज के लिए ले जाया गया परंतु मौजूद डॉक्टरों ने हड़ताल का बहाना बनाकर इलाज करने से साफ मना कर दिया। परिजन उसको झालावाड़ लेकर गए परंतु उसकी भी रास्ते में ही मौत हो गई। 15 दिन में 3 प्रसूताओं की मौत के बाद भी डॉक्टर पर कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

---

### गायत्री परिवार कर रहा यह आयोजन

## 24 कुण्डीय यज्ञ के प्रथम दिवस भव्यता से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



गायत्री परिवार के तत्वावधान में शनिवार से चार दिवसीय 24 कुण्डीय महायज्ञ की शुरूआत की गई है। स्थानीय प्रज्ञा भवन में चल रहे उक्त आयोजन के प्रथम दिवस परिवार के सदस्यों व धार्मिकजनों, महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन करवाया गया। यह कलष यात्रा मेन मार्केट व मुख्य मार्गो से होते हुए मंगल भवन के पीछे स्थित प्रज्ञा भवन पहुंची। इस बीच विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा इत्यादि से शोभायात्रा का स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर वहां यज्ञादि आयोजन की विधिवत शुरूआत की गई।

इस आयोजन में न केवल राजगढ़ बल्कि गुना व आसपास के अन्य जिलों के गायत्री परिवार सदस्य भी शामिल हुए हैं। परिवार के राजू भदौरिया ने बताया कि चार दिवसीय आयोजना द्वारा अन्नप्राशन, पुंसवन, नामाकरण, मुण्डन इत्यादि संस्कार निःशुल्क करवाए जाएंगे। इच्छुकजन इच्छानुसार छोटे बच्चों के उक्त संस्कार आरंभ करवा सकते हैं।

## वार्ड नंबर पांच के वासियों को मिली पानी की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर में पानी की किल्लत हमेशा से बनी रही है। नगर पालिका से 8-10 दिनों में नल के द्वारा पानी दिया जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के बीच वार्ड नंबर 5 कोली मोहल्ले में पानी की ट्यूबवेल में मोटर लगाकर ट्यूबवेल को चालू किया गया। बता दें कि वार्ड नंबर 5 से पार्षद अतुल जगताप के अथक प्रयासों से आज नगर पालिका द्वारा स्वीकृत ट्यूबवेल में मोटर लगाकर चालू किया गया। वहीं वार्ड वासियों ने पार्षद का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया ,वार्ड वासियों को लंबे समय से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। वहीं सालों बाद वार्ड के अंदर पानी की सौगात मिली है इसी के चलते वार्ड वासियों में योगेश शाक्यवार,मनीष चैधरी, रामकरण बैरागी, नीरज शर्मा ,मनीष जादौन, राजेश, जीतू जाट, गोपाल दीक्षित सहित कई वार्ड वासी मौजूद रहे और लोगों में खुशी की लहर है।

### छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली

## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने समृद्ध भारत यात्रा के माध्यम से संपर्क कर शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो कि छात्र हितों की लड़ाई के साथ-साथ राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है विद्यार्थी परिषद छात्रहितों की चिंता तो करता ही साथ ही राष्ट्र हित में भी छात्र शक्ति कार्य करें इसके लिए सदैव तत्पर रहता है, विधार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री श्री धर्मेंद्र जी दांगी ने कहा की आगामी चुनाव में सत प्रतिशत मतदान और राष्ट्र हित में मतदान अति आवश्यक है, राष्ट्र हित में मतदान भारत के सुरक्षित भविष्य का आधार है । श्री दांगी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थी परिषद पूरे देशभर में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है, अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग तरीके से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर अधिक से अधिक वोट करने का आग्रह कर रहे हैं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ जिले द्वारा पूरे जिले भर में समृद्ध भारत यात्रा के नाम से वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर यात्रा निकाली जा रही है शनिवार को विद्यार्थी परिषद की समृद्ध भारत यात्रा सारंगपुर नगर में पहुंची जहां यात्रा के साथ कार्यकर्ताओं ने नगर के अलग अलग स्थानों पर संपर्क किया और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया।

यात्रा नगर के पैरामेडिकल महाविद्यालय भी पहुंची जहां महाविद्यालय के संचालक ऋषभ यादव के साथ महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ली। इस दौरान अभाविप भाग संयोजक शुभम शर्मा ने बताया कि यात्रा सारंगपुर तहसील के 102 स्थान जिनमें संडावता भ्याना लिमाचैहन भैंसवा पाडलिया माता जी मऊ पड़ाना धनौरा धमंदा उदनखेड़ी पचैर तलेन इकलेरा जैसे स्थानों पर पहुंचेगी, जहां युवा मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पावन त्यौहार में सहभागी बनने और शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए शपथ दिलाई जाएगी। समृद्ध भारत यात्रा में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में जिला संयोजक अमन व्यास, जिला खेलो भारत गतिविधि प्रमुख सुनिल राजपूत, नगर मंत्री आदित्य शर्मा, महाविद्यालय अध्यक्ष प्रदीप सिंह गुर्जर, गोविंद कुंभकार, तुषार चैहन, अमन शर्मा, जयेश पटेल, भगवत जी गुर्जर उपस्थित रहे।

## शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल की छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी



**इकलेरा।** नगर की छात्रा प्रिया मीणा अबाडाने कक्षा 12वीं में कला संकाय 92ः अंक प्राप्त किया। इकलेरा क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में शाहिद खान ग्राम सिका तुर्कीपुरा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पलक राठौर ग्राम सिका तुर्कीपुरा 87ः तृतीय स्थान प्राप्त किया कुमारी वर्षा प्रजापति इकलेरा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रथम स्थान कुमारी राजनंदनी जाटव इकलेरा ने 80ः अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वही कुमारी मनीष मेवाड़ा ग्राम सेहत खेड़ी 78 प्रतिष्शत अंक प्राप्त किय।। तृतीय स्थान कक्षा दसवीं में नमन रोहिल्ला ग्राम बिराल खेड़ी 81 अंक प्राप्त किया प्रथम स्थान कुमारी कल्पना कंसोटीया जांगिबाड ने 78ः अंक द्वितीय स्थानप्राप्त किया कुमारी निर्मला मीणा बिरालखेड़ी 76ः प्रतिशत अंक तृतीय स्थानप्राप्त किया स्थित विद्यालय प्राचार्य श्रीमती प्रियंका बिजनी एवं विद्यालय के स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### छोटे पिकअप में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## सड़क हादसे में बच्चे समेत एक ही परिवार के 3 घायल



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 ब्यावरा रोड पर शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात वाहन ने छोटे पिकअप वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार कालाखेत निवासी एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए जिनमें दो साल का नन्हा बच्चा भी शामिल है। सभी का इलाज जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में चल रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह ब्यावरा रोड हाईवे पर खीमाखेड़ी के नजदीक हुए इस हादसे मे लक्ष्मीनारायण पिता अमरलाल उम्र 45 साल, रितेष पिता रामलाल उम्र 16 साल एवं 2 वर्षीय बालक कुलदीप पिता अखिलेष घायल हो गए। घटना के बाद तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईसीयू में एडमिट किया गया है।

## केवट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्ष और उल्लास के साथ 26 अप्रैल को केवट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन ग्राम तरेनी धाकड़ में किया गया। जिसमें 22 वर वधु का विवाह केवट समाज द्वारा कराया गया। जिसमें गांव में निवासरत अन्य समाज द्वारा भी समाज को भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।

जिसमें भोपाल राजगढ़ शाजापुर अन्य जिलों से भी वर वधु विवाह हेतु इस आयोजन में पधारे।आयोजक समिति के अध्यक्ष गौरी लाल जी केवट द्वारा सामाजिक बंधुओ से निवेदन किया गया कि समाज के लोगों एवं युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रखा जाए एवं युवा पीढ़ी के बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा समाज को आगे की ओर बढ़ने हेतु प्रयास किए जाएं।इस अवसर पर गौरी लाल जी केवट, देवी सिंह केवट राम सिंह केवट समिति के सभी कार्यकर्त्ता और सभी स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने डॉक्टर पाटीदार के साथ अभद्रता करने वाले युवक के खिलाफ आवेदन दिया

## नाटकीय अंदाज में बीएमओ, डॉक्टर, कर्मचारियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सिविल अस्पताल में ताला जड़कर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया देश भर में जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू है। बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना धरना हड़ताल यहां तक की कोई रैली सभा तक नहीं की जा सकती है। ऐसे में सिविल अस्पताल के बीएमओ के आदेश पर डाक्टर कर्मचारियों ने शुक्रवार देर शाम को अस्पताल के गेट पर ताला जड़कर धरने पर बैठ गए। सिविल अस्पताल में उपचार कराने आए एक परिजन का डाक्टर से विवाद होने के उपरांत ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ मनोज कुमार गुप्ता स्वयं युवक को पकड़कर थाने ले गए। तत्पश्चात डाक्टरों व स्टाफ को एकत्रित कर लामबंद होकर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया को घटना की जानकारी देते हुए अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे गए। चिकित्सकों के धरने पर बैठने की जानकारी मिलने पर सीएमएचओ भी तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचीं। व धरने में शामिल हुई। अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा आचार संहिता लागू होने पर भी धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों को बीएमओ डॉ गुप्ता ने कवरेज करने रोका और बोले की आप हमारे वीडियो फोटो न बनाये साइड में खड़े हो जिसकी पत्रकारों ने सीएमएचओ के समक्ष अपनी बात रखी। धरने पर बैठने की वजह महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता को लेकर धरने पर बैठ गए।

इस दौरान बीएमओ द्वारा सामूहिक त्यागपत्र देने की भी चर्चा की गई। अस्पताल के कर्मचारियों के धरने पर बैठने की जानकारी लगते ही चुनाव प्रचार छोड़कर अस्पताल पहुंचे विधायक हजारीलाल दांगी ने भी समझाइश दी परंतु बीएमओ ने उनकी भी एक न मानी और कहा हमे पुलिस प्रोडक्शन मिले। प्रशासन के अधिकारी हमसे बात करने आएं। रात लगभग 12 बजे धरने पर बैठे कर्मचारी थाने पहुंचे जहा उन्होंने डाक्टर कविता पाटीदार के साथ अभद्रता करने वाले युवक के खिलाफ अपना आवेदन दिया।

#### क्या था मामला

शुक्रवार दोपहर एक्सीडेंट के मामले में उपचार कराने के लिए सादलपुर गांव के कुशाल दांगी अपने परिजन को लेकर पहुंचे थे जिसका उपचार डॉ. पायल पाटीदार द्वारा किया जा रहा था। बड़े डाक्टर को बुलाकर उपचार कराने की बात को लेकर विवाद हो गया। डॉ. पायल पाटीदार ने इसकी जानकारी ब्लाक मेडिकल आफिसर को दी, जिस पर बीएमओ उक्त युवक को पकड़कर थाने ले गये वहां से लौटने के उपरांत कर्मचारियों को एकजुट कर धरने पर बैठ गए।

#### विधायक की समझाइश को अनसुना कर धरने पर बैठे रहे

धरना प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों के बीच रात 8 बजे विधायक हजारीलाल दांगी पहुंचे और उन्हे समझाने का प्रयास किया और कहा की अभी आचार संहिता लागू है इस तरह के धरने नही दे सकते हैं मामला जो भी हो उसे बैठकर हल करेंगे अभी आप मरिजो का उपचार करे इस बीच बीएमओ ने भी अपना पक्ष रखकर पुलिस सुरक्षा सहित अन्य बातो का समाधान होने तक धरने की बात कही। विधायक की समझाइश के उपरांत भी जब डाक्टर कर्मचारी नही माने तो उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर घटना की जानकारी दी।वही एक और सिविल।इस मामले को स्थानीय मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाकर अधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराया गया था। अस्पताल प्रबंधन ने विभागीय व प्रशासनिक कार्यवाही से ध्यान भटकाने के लिए एक प्लानिंग के तहत अस्पताल में धरना दिया जो जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

#### इनका कहना है...

जीरापुर अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के साथ एक लड़के कुशाल दांगी ने अभद्रता की थी। जिससे नाराज होकर डॉक्टर प्रोटेस्ट पर चले गए थे। मुझे जानकारी लगी तो मैंने उन्हें समझाया। प्राइवेट डॉक्टर को नहीं बुलाया वो खुद आ गए थे।

**सीएचएमओ किरण वाडिया**

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय पर भजन संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा के द्वारा रविवार को शहर के लीसा टाकीज स्थित भाजपा कार्यालय में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सीहोर विधायक सुदेश राय, महामंत्री राजकुमार गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीतू जैन, महिला नगर मंडल अध्यक्ष सीमा परिहार आदि मौजूद थी। महिला नगर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती परिहार ने बताया कि उक्त आयोजन हमारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नरोलिया और भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के निर्देश पर किया गया था। साथ ही महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही लाडली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, उज्वला, विधवा पेंशन, स्कूटी, महिला कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, जन धन आदि सभी योजनाओं के बारे में समझाया। इस दौरान प्रसादी का वितरण भी किया गया।

### मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का 80 प्रतिशत काम हुआ पूरा

# वार्ड की पांच हजार से अधिक की आबादी को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**वार्ड 15 में सरकारी अस्पताल की सुविधा नहीं है। मरीज के बीमार होने पर दो किमी दूर सिविल अस्पताल जाना पड़ता है। संजीवनी से लोगों को लाभ मिलेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा के वार्ड क्रमांक 15 स्थित बीआरसी परिसर में लाखों रुपए की लागत से बन रहे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का काम 80 प्रतिशत तक हो गया है। भवन बनने के बाद इसमें स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधा जुटाई जाएंगी। क्लिनिक तैयार होने के बाद मरीज इसमें आसानी से इलाज करा सकेगा। वार्ड 15 में सरकारी अस्पताल की सुविधा नहीं है। मरीज के बीमार होने पर दो किमी दूर सिविल अस्पताल जाना पड़ता है। अब मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक बनने से वार्ड के लोगों को लाभ मिलेगा।



### दोराबाद में निर्माण जारी

आष्टा-अलीपुर मोड़ से दोराबाद जाने वाले रास्ते पर भी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक भवन का काम चल रहा है। इसके बनने से वार्ड क्र. 1 की करीब पांच हजार से अधिक आबादी को फायदा होगा। वार्ड क्र. 2 के मरीज भी इस संजीवनी क्लिनिक में अपना इलाज करा सकेंगे, जिससे राहत मिलेगी। क्लिनिक में डॉक्टर के साथ जांच आदि की भी सुविधा भी मिलेगी। जिसे तैयार करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है।

### यह होगा फायदा

आष्टा के 18 वार्डों में करीब एक लाख आबादी निवास करती है। वहीं नगर से आसपास के करीब 150 गांव जुड़े हैं। इन जगहों के लोग बीमार होने पर शासकीय सिविल अस्पताल में इलाज कराने आते हैं। इससे अस्पताल में आए दिन भीड़ रहने से मरीजों को इलाज कराने में काफी तकलीफ होती है। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के बनने से सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या कम होगी और मरीजों का अच्छी तरह से इलाज हो सकेगा। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद तेजसिंह राठौर ने बताया कि वार्ड में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की बिल्डिंग का काम चल रहा है। कार्य पूरा होने के बाद इसमें सभी तरह की सुविधा जुटाई जाएगी। जिससे कि इलाज कराने में मरीजों को परेशानी नहीं हो।

# कृषि मंडी में अव्यवस्थाओं से परेशान हो रहे किसान

### वसूल रहे मनमानी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कभी ई-मंडी में परेशान किसान अब एक और मामला प्रकाश में आया है। जहां लहसुन प्याज मंडी में कुछ हम्मालों की मनमानी से किसान परेशान हैं। किसानों से कुछ हम्माल शैड में जगह के नाम पर मनमानी राशि वसूल रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों में कृषि उपज मंडी सीहोर स्थित परिसर में बनी लहसुन प्याज की नीलामी शैड जहां पर किसानों के लिए अपनी उपज बेचने की व्यवस्था की गई है। जहां पर नियम विरूद्ध कुछ हम्माल शैड में पत्थर रखकर जबरन स्थान रोक लेते हैं और उपज बेचने आए किसानों को जगह नहीं मिल पाती है। किसानों को जगह के लिए जगह रोकने वाले हम्मालों को 100 से 300 रूपए तक देने पड़ रहे हैं। देखने में यह आ रहा है कि एक तो किसान को मंडी में उपज बेचने के लिए मंडी टैक्स देना पड़ता है, वहीं अब यह जबरन वसूली के पैसे भी देने पड़ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अफसर किसानों की इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं। इस जबरन वसूली की हम शिकायत भी मंडी में अधिकारियों से कर चुके। हालांकि, इस समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है, यदि ऐसा ही चलता रहा तो किसान विरोध करेंगे। मंडी प्रबंधन की अनदेखी और खामोशी के चलते कुछ लहसुन प्याज व्यापारियों की मन मानी इस कदर चल रही है, नियमों का ताक पर रख यह व्यापारी सुबह सब्जी मंडी में लहसुन प्याज की खरीदी कर रहे हैं। किसानों को मंडी से बाहर रोककर यह व्यापारी ओने पौने दामों पर लहसुन प्याज खरीदते हैं और नीलामी में इस उपज को बेचते हैं। जिसकी कई बार शिकायत भी हो चुकी है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृष उपज मंडी सीहोर के सचिव नरेन्द्र मेश्राम के कहा कि मुझे अभी इस संबंध में जानकारी नहीं है, किसान मुझसे शिकायत करेंगे, तो विधिवत जांच की जाएगी।

# मुनि संघ को श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार 27 अप्रैल को हाटपिपल्या दिगंबर जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पहुंचकर परम पूज्यनीय समाधि सम्राट गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज, मुनि सागर महाराज एवं मुक्ति सागर महाराज से भेंट कर हाटपिपल्या पधारने हेतु विनती करते हुए श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनि सेवा समिति हाटपिपल्या अध्यक्ष प्रदीप पाटनी, कलश झांझरी, शुभम (विक्की) टोंग्या, सरल सेठी सहित मुनि भक्तों ने मुनि संघ के अलावा ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी से भी भेंट कर मुनि संघ के साथ हाटपिपल्या पधारने का आग्रह किया।

### घरों के ऊपर से निकल रही 11 केवी लाइन लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा



**सीहोर।** जनपद पंचायत के ग्राम मगरिया में बिजली विभाग की अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां घरों के ऊपर से 11 केवी की लाइन निकली है, जो कि घरों की छत को छू रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांव के बजरंग मंदिर वाले मोहल्ले में 3 से 4 घरों में 11 केवी के तार घरों के ऊपर निकले हैं। ग्रामीण नारायणी मेहरा का कहना है कि मेरे घर की छत के ऊपर से ही तार जाने से हमारी और हमारी परिवार की जान का खतरा हमेशा बना रहता है। एक बार मुझे करंट भी लग चुका है। वहीं, गांव के राजेश कुमार मेहरा का कहना है कि हम सभी बहुत परेशान हैं इस समस्या को लेकर हमने सरपंच और बिजली विभाग को शिकायत की है, लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि 11 केवी लाइन को हमारे मकानों से दूर करा जाए नहीं तो कभी भी हादसा हो सकता है।

# मुनि संघ का नेमि नगर में प्रवेश, मंगल विहार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

परम पूज्य वात्सल्य रत्नाकर समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज, मुनि सागर महाराज एवं मुक्ति सागर महाराज ने रविवार को सुबह श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से रवाना होकर श्री नेमिनाथ मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी पहुंचे और शाम को वहां से हाटपिपल्या के लिए मंगल विहार किया। समाज के बच्चों द्वारा दिव्यघोष तथा मुनि संघ का जयकारा लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए किला मंदिर से नेमिनाथ मंदिर पहुंचे और वहां पर मुनि सागर महाराज ने शाम को मंगल विहार के पूर्व कहा कि समय के साथ समझ से काम करें।



भाव का महत्व है। जैसे ही सूर्योदय होता है अंधकार का नाश हो जाता है। समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने मुनि श्री के आशीष वचन की जानकारी देते हुए बताया कि गुरु मिलना अलग बात है और सतगुरु मिलना अलग बात है। अपने को रास्ता दिखाने वाले हृदय को स्वच्छ कराने वाले सदगुरु होते हैं। गुरु का हमें भी अभाव हो गया। चार साल में जैन समाज के अनेक अनुभवी चले गए, लेकिन उनके द्वारा दी गई शिक्षा, दीक्षा है उसका लाभ मिलता रहेगा। पंचम काल है।

जो धर्म से नहीं जुड़े थे,वह नेमिनाथ मंदिर बनने के बाद धर्म और गुरु से जुड़े हैं। मुनि सागर महाराज ने कहा ज्ञान से हम व्यक्ति को धर्म से जोड़ सकते हैं। धर्म सभा में शामिल होने पर ज्ञान बढ़ेगा। स्वाध्याय नित्य करें, स्वाध्याय से कल्याण होगा। कल्याण की भावना रखें। मनमानी नहीं करें दिन में शादी करें, रात्रि भोजन नहीं कराना चाहिए। नेमि नगर से मुनिश्री मौन सागर महाराज का कदम -कदम पर पग प्रक्षालन किया गया।

# घर-घर पहुंच कर बांटी जा रही मतदाता पर्ची, मतदान करने ग्रामीणों को अभियान चलाकर कर रहे जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये हैं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी पोस्टर, बैनर, निबंध, क्विज, शपथ सहित विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन में जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल और दोराहा तहसीलदार के नेतृत्व में सचिव पूनम चंद तिवारी, बीएलओ, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता द्वारा मतदादाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया तथा वोट करने हेतु शत प्रतिशत मतदान के संकल्प पत्र भरवाए।

इस दौरान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बूथ लेवल के सभी सदस्यों की बैठक कर शत प्रतिशत मतदान हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की। जिसके तहत पूरे ग्राम को चार भागों में विभक्त कर बीएलओ के पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाई गई। जो मतदाताओं के घर पहुंच कर मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता को केंद्र तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था की जाएगी। तथा सभी मतदाताओं के लिए शुद्ध ठंडा पेयजल तथा टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था भी की जाएगी। इससे पूर्व रैली निकाल कर नुक्कड़ सभा के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का भी निर्णय लिया। बैठक में जनपद पंचायत सीहोर की सीईओ तहसीलदार दोराहा, इंजीनियर घोष सर, सचिव पूनम चंद तिवारी, हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे, छात्रावास प्रभारी,समस्त बीएलओ, शिक्षक, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

# योग, संयोग और पुण्य था इसलिए आप सभी लोगों को धर्म लाभ मिल रहा है: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिसमें सम्यकत्व आ गया तो उन्हें ज्ञान भी आएगा।योग, संयोग, पुण्य था इसलिए आप लोगों को धर्म लाभ मिला। अपने पुण्य को और अधिक बढ़ाए। मध्य क्षेत्र है, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर ही सभी साधु - संत आते हैं। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के समाधि स्थल को व्यवस्थित बनवाएं। गौशाला का विशेष ध्यान रखें।

बच्चों की लौकिक शिक्षा के साथ -साथ धार्मिक शिक्षा अर्थात पाठशाला पर भी विशेष ध्यान रखें। सामाजिक, आर्थिक उन्नति हो, सभी में एकता रहे। आष्टा तीर्थ रुप ले। धर्म और मंदिर से जुड़कर समाधि की ओर आगे बढ़ कर कल्याण करें। उक्त बातें श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय





अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा आप सभी आगम में जो बचा हुआ समय है, उसका सदुपयोग कर रहे हैं। शुद्धों उपयोग यही मिलेगा, स्वर्ग में गए तो आपको सदुपयोग मिलेगा।आप लोगों द्वारा अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना करते हैं। धर्म आराधना करते समय कभी भी आकुलता नहीं करें। जिम्मेदारी युवाओं को सौंप कर धर्म आराधना करने से आकुलता नहीं बढ़ेगी।जो नित्य भगवान की पूजा अर्चना करते हैं वह पुण्य की गांठ बांध रहे हैं। भगवान एवं गुरु जन की पूजन कर अपने भावों को निर्मल कर पुण्य अर्जन अधिक करें।अरिहंत पद प्राप्त करें।आपकी पूजा पूज्य बनेंगी।

आष्टा समाज सहित आष्टा वासियों में धर्म और गुरु भगवंतो के प्रति बड़ी भक्ति दिखाई देती है। आत्मा के कल्याण हेतु आप सभी समय निकाल रहे हैं।आप सभी कभी भी कमजोर नही बनें।समय के साथ आपका और हमारा जीवन कम होता जा रहा है। अधिक उम्र की अपेक्षा करते हैं, तो अधिक धर्म - ध्यान भी करें।दो घड़ी में केवल्य ज्ञान हो जाता है। कर्म काटने का अवसर मिला है।समय का मोल है, जीवन अनमोल है।समय और सानिध्य मिला है। धर्म में समय दे रहे हैं वह स्वयं के लिए है। धर्म जरूरी और अनिवार्य है। क्षमा हमारा स्वभाव है, क्रोध न करें।

### शिक्षा में कला को सार्थक बना रहे नवोदय विद्यालय के शिक्षक अरविंद ठाकुर


# चित्रकला को ही जीवन में लक्ष्य बनाकर बच्चों को सिखा रहे कला







हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



ललित कला संस्थान जबलपुर से फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के पश्चातअरविंद आदिवासी चित्रकला के जनक जनगण सिंह श्याम पर पीएचडी की है। नवोदय के शिक्षक डॉ अरविंद सिंह ठाकुर का जन्म जबलपुर मध्य प्रदेश में हुआ। इन्होंने चित्रकला को ही अपने जीवन में अपन का लक्ष्य बना लिया और नवोदय विद्यालय में चित्रकला के शिक्षक के रूप में 24 वर्षों अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनकी चित्रकला के प्रदर्शनी जबलपुर, भोपाल, लखनऊ, बरेली सहित अनेक शहरों में हो चुके हैं। इनकी चित्रकला को बहुत लोगों द्वारा ने पसंद किया गया है। साथी अखबार पत्रिकाओं में भी अरविंद के चित्र प्रकाशित होते रहते हैं। कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पूर्व में नवोदय विद्यालय समिति द्वारा क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। डॉ अरविंद कहते हैं की चित्रकला के गुरु के रूप में स्वर्गीय राम मनोहर सिंह, स्वर्गीय विष्णु चौरसिया, स्वर्गीय राजाराम, देवीलाल पाटीदार, हरि भटनागर जैसे महान का कलाकारों का संरक्षण प्राप्त रहा है। अरविंद को भी चित्रकला में विषय चुनने में जरा भी परेशानी नहीं होती।

वह कहते हैं की विषय मेरे आस-पास ही रहते हैं। उनके चित्रों में प्रकृति पुरुष ग्रामीण और नगरी जीवन, स्त्री सौंदर्य, संघर्ष चित्रों में जीवन की विधाओं का अंकन दिखता है। इनके रेखांकन में बड़ी कलात्मक के साथ-साथ बोलने वाले आदिवासी और ग्रामीण जीवन की कृतियां बनाते हैं। चित्रों में स्त्री के विभिन्न रूपों की प्रवृत्ति अधिक दिखाई देती है।

यह ऐसे कलाकार जिनकी सोच में भारतीय जीवन की आत्मा बसती है। जीवन की विशेषताओं को भी चित्रित करते हैं। इनका मानना है कि ग्रामीण छात्र-छात्राओं में असीम संभावना है। वे पढ़ाई में तो अव्वल हैं ही साथ ही खेल संगीत और कला मैं भी अपना जौहर समय-समय पर दिखाते रहते हैं। चित्रकला के क्षेत्र में अनेक छात्रों ने प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्तमान में विद्यालय सौंदर्यीकरण को लेकर वॉल पेंटिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं छात्रों की सर्वांगीण विकास में विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर के एस बघेल, उप प्राचार्य रीता खत्री का विशेष सहयोग रहता है। जहां विद्यालय में उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती है। वही कौशल विकास का भी विशेष ध्यान रखा जाता है।

### कक्षा 10वीं-12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के बजरंग कॉलोनी में स्थित टॉपर्स पॉइंट कोचिंग आष्टा द्वारा टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनंजय जाट उपस्थित रहे।

संचालक जगदीश मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को अलग-अलग सभी फील्ड की जानकारी देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में वही करें जिसमें आपकी रुचि है आपको आगे चलकर किस फील्ड में जाना है यह आप तय करें एवं माता-पिता व टीचर्स का हमेशा सम्मान करें एवं उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चले। आगे जगदीश मेवाड़ा में कहा कि सत्र 2023-24 में संस्था के होनहार छात्र मोहित बघेल ने कक्षा दसवीं में 95.4% अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरान्वित किया है। कक्षा दसवीं की छात्रा प्रज्ञा गोड 92%, सुजल कुशवाह 92%, अर्जुन मेवाड़ा 91%, अभिषेक वर्मा 91%, कक्षा 12वीं का छात्र विकास मेवाडा 91%, कक्षा आठवीं की छात्रा रिद्धिमा मेवाड़ा 90%, हर्षित चौरसिया 89.3, प्रियांशी नागेश्वरी 87.3%, प्रेरणा सेन 86.5% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।